कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/मा–स/22418/शिविरा पंचाग/2018–19/215 दिनांक : 07/05/2019

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान ।

विषय :– कक्षा – 6,7,9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा तथा प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड वितरण के सम्बन्ध में ।

प्रसंग :– इस कार्यालय का पूर्व प्रसारित समसंख्यक आदेश दिनांक : 24.04.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय के प्रासंगिक समसंख्यक आदेश दिनांक : 24.04.2019 द्वारा कक्षा – 6,7,9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा तथा प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड वितरण की तिथि संशोधित कर दिनांक : 08.05.2019 निर्धारित की गई थी। इस सम्बन्ध में ध्यान में लाया गया है कि राज्य के जिन 12 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में 17 वीं लोक सभा के चुनाव दिनांक : 06.05.2019 को सम्पन्न हुए हैं, वहां चुनाव कार्य में कार्यरत रहे शिक्षकगण अपने – अपने मुख्यालयों पर चुनाव सम्पन्न करवाकर आगामी दिवस का अवकाश लाभ लेते हुए कर्त्तव्य पर दिनांक : 08.05.2019 को ही उपस्थिति देंगे। साथ ही जिन विद्यालयों में निर्वाचन कार्य हेतु मतदान बूथ स्थापित किए गए थे, वहां भवन की उपलब्धता भी आगामी दिवस को ही सम्भव हो पाई । ऐसे में पूर्व से तैयार परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं वितरण के लिए पर्याप्त समय न मिल पाने की संभावना बनने की सूचना प्राप्त हुई है।

अतः उपर्युक्त परिस्थितियों के मद्देनजर निर्देशानुसार कक्षा – 6,7,9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा तथा प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड वितरण की तिथि दिनांक : 08.05.2019 के स्थान पर दिनांक : 09.05.2019 को वृहद बाल सभा आयोजन के उपरान्त एतद् द्वारा संशोधित की जाती है :–

1. कक्षा – 6,7,9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा तथा प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड का वितरण दिनांक : 09.05.2019 को प्रातः 11 बजे के पश्चात् विद्यालय परिसर में किया जावे।
2. विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को परीक्षा समाप्ति के उपरान्त आगामी कक्षा में अस्थाई प्रवेश दिया गया था, उनका नियमितिकरण यथा परिणाम किया जावे।

शेष समस्त शर्तें मूल आदेशानुसार ही रहेगी ।

समस्त सम्बन्धितों द्वारा उपर्युक्तानुरूप क्रियान्विति/पालना सुनिश्चित करवाई जावे।

7.5.19

अतिरिक्त निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर ।
2. निजी सचिव,प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
5. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान,बीकानेर/अजमेर
6. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
7. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
8. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक/प्रारम्भिक।
9. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
10. प्रधानाचार्य,सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर/ राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर ।
11. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
12. समस्त संस्था प्रधान ।

उप निदेशक (माध्यमिक)

Scanned by CamScanner